
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 82 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...भारत
बाकी दुनिया से बेहतर



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 25 जून 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0°

34868.98

2 भारतीय सैन्य दल ने बांधा शमां

7 बैन जारी रखने पर भड़के वॉन

## संक्षिप्त समाचार

### रामदेव का ट्वीट, नफरत करने वालों के लिए निराशा की खबर

**संवाददाता** देहरादून। बाबा रामदेव ने कोरोना महामारी का सफल इलाज करने का दावा करते हुए कोरोनिल नाम से एक दवा कल बाजार में उतारी थी। लेकिन इस पर बाबा को चौतरफा हमलों का सामना करना पड़ रहा है। आयुष मंत्रालय ने इस दवाई से पल्ला झाड़ दिया था जिसके बाद सोशल मीडिया पर बाबा रामदेव की काफी किरकिरी हो रही थी। इस पर अब बाबा रामदेव की प्रतिक्रिया आ गई है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का विरोध एवं नफरत करने वालों के लिए घोर निराशा की खबर।

### हरियाणा के रोहतक में कम तीव्रता वाला भूकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरियाणा के रोहतक में बुधवार को 2.8 तीव्रता वाला भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। एनसीएस ने कहा कि भूकंप अपराह्न एक बजे के आसपास आया और इसका केंद्र धरती के पांच किलोमीटर अंदर था। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 12 अप्रैल से अब तक 18 बार भूकंप आ चुका है। इनमें से आठ बार भूकंप रोहतक में आया।

### एलएसी पर पहुंचे थलसेना अध्यक्ष, दुश्मन के सामने डटकर रहने को कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। भारत-चीन के बीच बने तनाव के बीच दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचे थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवाने ने आज एलएसी पर तैनात जवानों के बीच पहुंचे। उन्होंने गलवन घाटी में तैनात जवान से स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए वह तैयारियां करें। उन्होंने इस दौरान एलएसी पर की गई तैयारियों की समीक्षा भी की।

# रामदेव की दवा को एक और झटका

## आयुर्वेद ड्रग्स लाइसेंस अथॉरिटी ने बाबा को भेजा नोटिस

कोरोना नहीं, खांसी के लिए मिला था लाइसेंस

**संवाददाता**

हरिद्वार। कोरोना वायरस के लिए पतंजलि द्वारा निर्मित कोरोनिल दवाई लॉन्च होते ही विवादों में घिर गई है। मंगलवार शाम स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण द्वारा दवाई लॉन्च किए जाने के बाद भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने दवाई के प्रचार प्रसार पर रोक लगा दी थी। इसके बाद बुधवार को बाबा रामदेव की दवा को एक और झटका लगा है। इस बार उत्तराखंड की आयुर्वेद ड्रग्स लाइसेंस अथॉरिटी ने बाबा की दवा पर सवाल उठाया है।

अथॉरिटी के उपनिदेशक यतेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को कोरोना की दवा के लिए नहीं बल्कि इम्युनिटी बूस्टर और खांसी-जुकाम की दवा के लिए लाइसेंस जारी किया गया था। रावत ने बताया कि उन्हें मीडिया के माध्यम से ही पता चला कि बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि द्वारा कोरोना की किसी दवा का दावा किया जा रहा है जबकि उन्हें इम्युनिटी बढ़ाने वाली और खांसी-जुकाम की दवा के लिए लाइसेंस जारी किया गया था।



### पतंजलि को नोटिस जारी

रावत ने कहा कि भारत सरकार का निर्देश है कि कोई भी कोरोना के नाम पर दवा बनाकर उसका प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता। आयुष मंत्रालय से वैधता मिलने के बाद ही ऐसा करने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल, विभाग की ओर से पतंजलि को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। बता दें कि मंगलवार शाम बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने देश के तमाम मीडिया संस्थानों के सामने एक बड़े कार्यक्रम में कोरोना की दवाई बनाने का दावा किया था।

बाबा ने दावा किया था कि क्लिनिकल टेस्ट में दवा से 100 फीसदी सफल परिणाम सामने आया है। हालांकि, लॉन्च होने के बाद से ही पतंजलि की यह दवा कोरोनिल विवादों में है। यह भी हैरान करने वाली बात है कि कंपनी को सर्दी-जुकाम और खांसी की दवा बनाने का लाइसेंस मिला है और उसने इस लाइसेंस के जरिए बनी दवा को कोरोना के नाम पर लॉन्च कर दिया।

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को सर्दी-खांसी की दवा और इम्युनिटी बूस्टर बनाने के लिए लाइसेंस जारी किया गया था लेकिन उन्होंने कोरोना के नाम पर दवा लॉन्च कर दी। उत्तराखंड की आयुर्वेद ड्रग्स लाइसेंस अथॉरिटी ने अब बाबा को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

### आयुष मंत्रालय की अनुमति के बाद ही बिक सकेगी कोरोनिल

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव ने दावा किया है कि उनकी बनाई हुई दवा कोरोनिल कोरोना वायरस का इलाज करने में कारगर है। उनके इस दावे पर आयुष मंत्री श्रीपद नाईक ने कहा कि यह अच्छी बात है कि बाबा रामदेव ने देश को एक नई दवा दी है, लेकिन नियम के अनुसार, इसे सबसे पहले आयुष मंत्रालय में आना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमे रिपोर्ट भेजी गई है पहले हम इसे देखेंगे और रिपोर्ट देखने के बाद ही दवा को अनुमति दी जाएगी। इस मामले में केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद नाईक ने कहा कि बाबा रामदेव को अपनी दवा की घोषणा बिना किसी मंत्रालय से अनुमति लिए मीडिया में नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि हमने उनसे जवाब मांगा है और पूरे मामले को टॉस्क फोर्स को भेजा है।

## भारत-चीन के बीच हुई कूटनीतिक बातचीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच 5 मई के बाद से ही तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। तनाव कम करने के लिए लगातार सैन्य बैठक हो रही हैं लेकिन फिलहाल अभी तक कोई ठोस सुधार होता नहीं दिखा। अब पहली बार दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चर्चा हुई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत और चीन ने आज पूरे मुद्दे पर बातचीत कर तनाव कम करने के विकल्पों ध्यान दिया।

**पहली बार हुई कूटनीतिक बैठकः** भारत की ओर से विदेश मंत्रालय के पूर्व एशिया के जॉइंट सेक्रेटी नवीन श्रीवास्तव और चीन विदेश मंत्रालय के महानिदेशक वू जियांगहो ने हिस्सा लिया। जून में पहली बार दोनों देशों के बीच कूटनीतिक चर्चा हुई है। इससे पहले सैन्य कमांडर स्तर की बैठक हो चुकी थी। कमांडर स्तर की बैठक लगभग 11 घंटे तक चली थी। इसी बीच दोनों देश सीमा पर अपनी-अपनी ताकत भी बढ़ाते जा रहे हैं।

■विदेश मंत्रालय स्तर पर पहली वार्ता

**भारत को ठहराया जिम्मेदारः** इससे पहले भारत और चीन के बीच सेनाओं को पीछे करने पर सहमति बनने के एक दिन बाद चीन के रक्षा मंत्रालय ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर संघर्ष के लिए भारत को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू किआन ने कहा कि हम आशा करते हैं कि सीमाई इलाकों शांति और स्थिरता बनी रहेगी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतें पर राहुल गांधी ने कसा तंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस और चीन के साथ सीमा विवाद के बाद राहुल गांधी ने पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने बुधवार को देश में कोरोना वायरस मामलों और पेट्रोल-डीजल की कीमतों का ग्राफ शेयर करते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा।

नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना महामारी और पेट्रोल-डीजल की कीमतें अनलॉक कर दी हैं। इससे पहले राहुल लगातार भारत-चीन के बीच सीमा पर तनाव को लेकर सरकार से सवाल पूछ रहे थे। राहुल ने यह मुद्दा इसलिए उठाया क्योंकि देश में लगातार 18वें दिन तेल के दाम बढ़े हैं। पहली बार डीजल पेट्रोल से महंगा हो गया। राहुल गांधी चीन के मसले को लेकर लगातार हमलावर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के रुख को स्वीकार करके हमारी सेना के साथ विश्वासघात किया।

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई फैसले

# अब आरबीआई की निगरानी में सभी को-ऑपरेटिव बैंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कैबिनेट बैठक में को-ऑपरेटिव बैंक को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। 1482 अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक और 58 मल्टी-स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक्स को रिजर्व बैंक के अंदर लाया गया है। त्ष्प के अंतर्गत लाए जाने के बाद जिस तरह शेड्यूल कमर्शल बैंकों पर रिजर्व बैंक का आदेश और निर्देश लागू होता है, वे अब को-ऑपरेटिव बैंक्स पर भी लागू होंगे। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने दी है।

**8.6 करोड़ हैं जमाकर्ताः** जावडेकर ने कहा कि भारत में को-ऑपरेटिव बैंक का बहुत बड़ा दायरा है। इन 1540 को-ऑपरेटिव बैंकों के 8.6 करोड़ जमाकर्ता हैं और इनकी कुल जमा पूंजी 4.84 लाख करोड़ के करीब है। रिजर्व बैंक के अंतर्गत आने के बाद जमाकर्ताओं का इन पर विश्वास बढ़ेगा।

इसके अलावा मुद्रा लोन को लेकर जावडेकर ने कहा कि सबसे बड़ा स्मॉल बैंक लोन यानी मुद्रा लोन के 50000 तक के लोन लेने वाले लाभार्थियों को ब्याज में 2 फीसद की छूट मिलेगी। शिशु लोन योजना के तहत 9 करोड़ 35 लाख लोगों को इस फैसले से राहत मिलेगी। यह 1 जून 2020 से प्रभावी है और 31 मई 2021 तक जारी रहेगी।

प्रीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया कि ओबीसी कमिशन अब इस बात का भी ध्यान रखेगा कि स्पेलिंग मिस्टेक की वजह से किसी जाति के लोगों को आरक्षण के लाभ से वंचित न होना पड़े।

### कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को मंजूरी

सरकार ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को मंजूरी दे दी है। इस एयरपोर्ट की वजह से बौद्ध धर्म के अनुयायियों को कुशीनगर आने में आसानी होगी।

### पशुधन के विकास के लिए 15000 करोड़ रुपये

कैबिनेट की बैठक में पशुधन विकास के लिए 15000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा और लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

## चीन-पाक ने कैसे हड़पी जमीन ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### बीजेपी ने कांग्रेस पर जबरदस्त पलटवार किया

नई दिल्ली। भारत और चीन में चल रहे तनातनी पर देश में सियासी संग्राम भी जारी है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के सवालों पर बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस चीन पर भ्रम फैला रही है जबकि उनके शासनकाल के दौरान पाकिस्तान और चीन ने जम्मू-कश्मीर की 78,000 स्क्वॉयर किलोमीटर जमीन हड़प ली थी। बीजेपी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के बयानों से देश का नुकसान हो रहा है।

बीजेपी चीफ जेपी नड्डा के ट्वीट का जिक्र करते हुए प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने चीन और पाकिस्तान के मुद्दे पर ऐतिहासिक भूल की है। एक परिवार के मिसएडवेंचर के कारण देश को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने सवाल पूछा, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस का रुख चीन के प्रति नरम क्यों था? देश कांग्रेस को खारिज कर चुका है और यह पार्टी चीन पर भ्रम फैलाने में जुटी है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in